864. भीलों में 'छेड़ा फाड़ना' क्या है?

(a) विवाह (b) त्योहार
(c) पुत्रजन्म (d) तलाक

Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

865. भील जनजाति में कछावू कौन पहनता है-

(a) नवयुवक लड़का (b) बालक
(c) पुरुष (d) महिलाएँ

Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

866.राजस्थान में किस जनजाति की जनसंख्या सर्वाधिक है?

(a) भील (b) मीणा
(c) सहरिया (d) गठूलिया लुहार

उत्तर – (a)

RPSC RAS/RTS 2003

व्याख्या – राजस्थान में भील जनजाति की जनसंख्या सर्वाधिक है। और बांसवाड़ा जिले में इनका अधिकतम बसाव है।

867. 'स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान' विकास से सम्बन्धित है–

(a) अनुसूचित जाति के (b) अनुसूचित जनजाति के
(c) नगरीय समुदाय के (d) ग्रामीण समुदाय के

उत्तर - (a)

RPSC RAS/RTS 1996

व्याख्या–राजस्थान अनुसूचित जाति निगम प्रवर्तित योजना के अन्तर्गत, जिला ग्रामीण विकास एजेंसियों के माध्यम से, अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को, उनकी आय वृद्धि हेतु ऋण तथा अनुदान उपलब्ध कराया जाता है।

868. राजस्थान 'जनजाति क्षेत्रीय विकास सहकारी संघ' की स्थापना जिस वर्ष में की गयी, वह है-

(a) 1970 (b) 1976
(c) 1980 (d) 1984

उत्तर : (b)

व्याख्या-राजस्थान जनजाति क्षेत्रीय विकास सहकारी संघ की स्थापना राज्य सरकार द्वारा 27 मार्च, 1976 ई. को की गयी। इसका मुख्यालय उदयपुर में है।

869. मारवाड़ क्षेत्रीय जनजाति विकास बोर्ड का मुख्यालय स्थापित किया जाना प्रस्तावित हैः

(a) जोधपुर में (b) पाली में
(c) बाड़मेर में (d) उदयपुर में

RPSC SI 14-09-2021

Ans. (a) : मारवाड़ क्षेत्रीय जनजाति विकास बोर्ड का मुख्यालय जोधपुर में स्थापित होगा। इस बोर्ड का गठन 2 फरवरी, 2021 को किया गया। इसका उद्देश्य जोधपुर संभाग के माडा, माडा क्लस्टर एवं बिखरी जनजाति क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति समुदाय का विकास करना है। यह बोर्ड जोधपुर संभाग में अनुसूचित जनजाति समुदाय के उत्थान एवं विकास के विषय में राज्य सरकार की स्थायी परामर्शदात्री संस्था के रूप में कार्य करता है।

870. उस स्थान का नाम बताइये जहाँ कालीबाई शहीद हुईं?

(a) सागवाड़ा (b) खड़लाई
(c) खेरवाड़ (d) रास्तापाल

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम)-2019

Ans. (d) – वीर बाला कालीबाई डूंगरपुर के रास्तापाल में शहीद हुई है। ये आदिवासी भील समुदाय से सम्बन्धित थीं। 19 जून को इनके बलिदानी दिवस की याद में मेले का आयोजन किया जाता है।

871. मिलान कीजिए-

सूची-I (राजस्थान की जनजातियाँ)	सूची-II (प्रमुख आवास क्षेत्र)
(a) सहरिया	1. डूँगरपुर, बाँसवाड़ा
(b) गरासिया	2. उदयपुर, सिरोही
(c) डामोर	3. डूँगरपुर
(d) मीणा	4. जयपुर, दौसा

सही उत्तर है-

	A	B	C	D
(a)	2	1	3	4
(b)	3	2	1	4
(c)	2	3	1	4
(d)	3	1	2	4

Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016

Ans. (b) – राजस्थान की जनजातियों व उनके प्रमुख आवास क्षेत्र का सही सुमेलन है-

- सहरिया जनजाति - ये राजस्थान के बारां, कोटा, डूंगरपुर में पायी जाती है। ये मुख्य गाँवों से बाहर सहारना नामक क्षेत्रों में घरों के समूहों में रहते हैं।
- गरासिया जनजाति- ये राजस्थान के पाली, सिरोही, उदयपुर व डूंगरपुर में पायी जाती है। इन्हें राजस्थान का तीसरा सबसे बड़ा आदिवासी समूह माना जाता है।
- डामोर जनजाति - ये डूँगरपुर और बाँसवाड़ा में मिलती है जो मुख्य रूप से किसान है।
- मीणा जनजाति - ये जयपुर व दौसा में मिलती है।

872. मेवाड़, वांगड़ और पास के क्षेत्रों के भीलों में सामाजिक सुधार के लिए 'लसोड़िया आन्दोलन' का सूत्रपात किसने किया?

(a) मावजी (b) गोविन्द गिरि
(c) सुरमल दास (d) मोतीलाल तेजावत

उत्तर – (a)

RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या – लसोड़िया आन्दोलन का सूत्रपात संत मावजी ने किया था। यह आंदोलन राजपूताना के दक्षिणी क्षेत्र में भीलों में जागृति हेतु शुरू किया।

873.सुमेलित कीजिए –

सूची-I (राजस्थान में जनजाति)	सूची-II (क्षेत्र)
(A) सहरिया	1. मारवाड़
(B) काथोडी	2. आबू रोड
(C) गरासिया	3. मेवाड़
(D) रैबारी	4. बाँसवाड़ा

कूट :

	(A)	(B)	(C)	(D)
(a)	4	5	1	2
(b)	3	2	4	5
(c)	4	3	2	1
(d)	2	1	3	4

उत्तर – (c)

RPSC RAS/RTS 2012